कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 12.10.2025

विषयः- थाना लोहता महिला एण्टीरोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम पति पत्नी का विवाद को समाप्त कराया गया।

आज दिनांक-12.10.2025 को महिला एण्टीरोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम म0हे0का0 किरन व म0का0 रेखा देवी कोरौता में चौपाल लगाकर महिलाओ की समस्याओ को सुना जा रहा था कि आवेदिका द्वारा पति के साथ विवाद के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था, दोनो पक्ष आपस में एक साथ नही रहना चाहते थे । जिसमें महिला एण्टीरोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम म0हे0का0 किरन व म0का0 रेखा देवी द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर समझाया बुझाया गया तो दोनो पक्ष आपस में एक साथ रहने को राजी है तथा दोनो मिलजुल कर साथ साथ रहेगे जिसके सम्बन्ध में दोनो पति पत्नी द्वारा सुलह समझौता लिखित दिया गया ।

आवेदिका व उनके पति गनेश गिरी द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया । उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना लोहता के थानाध्यक्ष निकिता सिंह, म0हे0का0 किरन व म0का0 रेखा देवी की भूमिका सराहनीय रही ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।